श्री एच० आर० गोखले : मैंने सभी माननीय सदस्यों के भाषण ध्यानपूर्वक सुने हैं। यद्यपि बहुत सी बातों पर सिद्धान्त रूप में कोई आपत्ति नहीं है, फिर भी इन सभी बातों को संविधान की प्रस्तावना में जोड़ना सम्भव नहीं है। हम ने मूल धारणाओं का ही उल्लेख किया है। हमने 'समाजवाद' का उल्लेख किया है और जब हम समाजवाद के कार्यक्रम को कार्यान्वित करते हैं तो उन सभी बातों को कार्यान्वित करना स्वाभाविक ही है। लेकिन श्री सक्सेना और श्री धोटे के संशोधनों को स्वीकार नहीं किया जा सकता क्योंकि ये लोकतंत्र और समाजवाद की संकल्पना के प्रतिकूल हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : श्री शंकरराव सांवत ने संशोधन संख्या 75 को प्रस्तुत करने की सूचना दी है। वह एक नया खण्ड 2(क) पुरःस्थापित करना चाहते हैं। लेकिन वह यहां उपस्थित नहीं हैं, इसलिये उसे नहीं लिया जायेगा। खण्ड 3 पर कोई संशोधन नहीं है। अतः सभी खण्डों को शाम के 5.30 बजे पेश किया जायेगा। . . . . (**व्यवधान**)

श्री अमृत नहाटा यहां उपस्थित नहीं हैं।

खण्ड—4

श्री पी० नरसिम्हा रेड्डी : मैं अपना संशोधन संख्या 206 प्रस्तुत करता हूं।

श्री इब्राहीम सुलेमान सेट : मैं अपना संशोधन संख्या 304 प्रस्तुत करता हूं।

श्री पी० नरसिम्हा रेड्डी (चित्तूर) : मैं अनुच्छेद 31(ग) में प्रस्तावित संशोधन में प्रयुक्त शब्दों में शुद्धि करने वाला संशोधन पेश करना चाहता हूं। राज्य की नीति के निदेशक सिद्धान्तों को कार्यान्वित करने के लिए एक विधान पर्याप्त नहीं है। मुझे आशा है कि विधि मंत्री मेरा संशोधन स्वीकार करेंगे।

श्री सी० एच० मोहम्मद कोया : मुझे इस बात का हर्ष है कि विधि मंत्री ने आश्वासन दिया है कि अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की जायेगी। लेकिन इस आश्वासन को संहिताबद्ध किया जाये। स्वर्णसिंह समिति के प्रतिवेदन में भी इसी बात की सिफारिश की गई है। अतः इस आश्वासन को संहिताबद्ध किया जाना चाहिए।

श्री जाम्बुवंत धोटे : मेरा व्यवस्था का प्रश्न है।

उपाध्यक्ष महोदय : यह अनियमित है और मैं इसकी अनुमति नहीं दूंगा। इस स्थिति में व्यवस्था के प्रश्न की अनुमति नहीं दी जा सकती।

श्री इब्राहीम सुलेमान सेठ (कोजीकोड) : अल्पसंख्यकों के अधिकारों के बारे में विधि मंत्री द्वारा दिये गये आश्वासन की मैं सराहना करता हूं ।

इस विधेयक के उद्देश्य और कारण बताने वाले विवरण में बताया गया है इस विधेयक का उद्देश्य निदेशक सिद्धान्तों को मौलिक अधिकारों से ऊपर रखना है। मैं भी यह मानता हूं कि यदि एक बार निदेशक सिद्धान्तों को मौलिक अधिकारों की तुलना में ऊंचा स्थान दे दिया गया तो अवश्य ही अल्पसंख्यकों के अधिकार कमजोर हो जायेंगे ।

अनुच्छेद 14 अल्पसंख्यकों के साथ किये जाने वाले भेदभाव पर प्रतिबन्ध लगाता है। अनुच्छेद 31(ग) भी उन मौलिक सिद्धान्तों का अतिक्रमण करता है जो अल्पसंख्यकों के लिए घातक हैं । यहां बताया गया है कि अल्पसंख्यकों को संसद् में विश्वास करना चाहिए। मैं इससे पूर्णतया सहमत हूं। लेकिन साथ ही मेरा सरकार से यह अनुरोध है कि उसे भी अल्पसंख्यकों की उदारता पर विश्वास करना चाहिए। किन्तु यह स्पष्ट कर दिया जाना चाहिए कि किसी भी कानून से अल्पसंख्यकों के अधिकार कम न हों।

दूसरे हम अपने देश को धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी और लोकतंत्रात्मक देश घोषित करने जा रहे हैं। इस संदर्भ में मैं यह कहना चाहता हूं कि यदि हमारे व्यक्तिगत कानून को बनाये रखा जाये तो इससे देश की धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी और लोकतंत्रात्मक भावना पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। फिर मैं यह बताना चाहता हूं कि यदि मुसलमानों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों तथा पिछड़े वर्गों को एक साथ लिया जाये तो इन जातियों की संख्या देश की कुल जनसंख्या के 50 प्रतिशत से भी अधिक है । अतः यह वास्तव में अल्पसंख्यक अधिकार न होकर बहुसंख्यक अधिकार है । आशा है विधि मंत्री इस पर विचार करेंगे और इसे स्वीकार करेंगे ।

Shri Jambuwant Dhote (Nagpur): Sir, I had given notice of an amendment to clause No. 1. But the Hon. Speaker did not call me.

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया आप बैठ जायें । खण्डों पर विचार करने के लिए प्रक्रिया बनाई गई है। खण्ड 1 और शीर्षक के नाम पर अन्त में चर्चा की जाती है ।

श्री एच० आर० गोखले : जहां तक श्री पी० नरसिम्हा रेड्डी के संशोधन का सम्बन्ध है, वह समझते हैं कि यदि 'सभी या' शब्दों का लोप कर दिया जाये तो ठीक हो जायेगा। लेकिन ऐसी बात नहीं है। प्रथम तो कोई भी कानून सभी निदेशक सिद्धान्तों को एक साथ कार्यरूप नहीं देत है। यद्यपि इस बात की सम्भावना होती है कि एक से अधिक निदेशक सिद्धान्त कानून का रूप धारण कर लेते हैं। अतः "सभी या कोई" शब्द रखना अनिवार्य है ।

फिर इस मामले को न्यायिक व्याख्या के लिए छोड़ना उचित नहीं है। मैं इस संशोधन को स्वीकार नहीं कर सकता ।

कहा गया है कि अनुच्छेद 14, 19 तथा 31 के अन्तर्गत अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की जानी चाहिए। इसका अर्थ यह हुआ कि किसी भी कानून के बनाने से अनुच्छेद 14 तथा 19 के अन्तर्गत अल्पसंख्यकों के अधिकार प्रभावित न हों। किन्तु अनुच्छेद 14 तथा 19 केवल अल्पसंख्यकों के अधिकारों के ही बारे में नहीं है । भाग 3 के अन्य भागों में विशेष अनुरक्षण दिये हुए हैं। अतः अनुच्छेद 14, 19 तथा 31 का एकमात्र उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि इन मौलिक

अधिकारों के कारण निर्देशक सिद्धान्तों के बारे में बनाये गये कानून को किसी न्यायालय में रद्द न किया जा सके।

जहां तक अनुच्छेद 14 या 19 के अन्तर्गत बनाये जाने वाले कानून द्वारा समानता के सिद्धान्तों के उल्लंघन की आशंका का सम्बन्ध है, यह उचित समय है कि इस तरह की आशंका अपने मन से हटा दी जाये। उद्देश्य यह है कि आर्थिक कानूनों में किये जाने वाले ऐसे परिवर्तनों से अल्पसंख्यकों तथा बहुसंख्यकों को लाभ पहुंचे। अतः यह आशंका या डर उचित नहीं है।

खण्ड--5

उपाध्यक्ष महोदय : अब हम खण्ड 5 को लेते हैं। उसके लिए कुछ संशोधन हैं।

श्री बी० वी० नायक : मैं संशोधन संख्या 25 और 26 पेश करता हूं।

प्रो० एस० एल० सक्सेना : मैं संशोधन संख्या 41 पेश करता हूं।

श्री मूलचन्द डागा : मैं संशोधन संख्या 229, 230 और 231 पेश करता हूं।

श्री वी० वी० नायक : मैं संशोधन संख्या 271 पेश करता हूं।

श्री कार्तिक उरांव : मैं संशोधन संख्या 274, 275, 276 और 277 पेश करता हूं।

श्री एस० श्रीकान्तन नायर : मैं संशोधन संख्या 282 पेश करता हूं।

श्री मुहम्मद जमीलुर्रहमान : मैं संशोधन संख्या 292 और 293 पेश करता हूं।

श्री इब्राहीम सुलेमान सेठ : मैं संशोधन संख्या 305 पेश करता हूं।

श्री मूलचन्द डागा : मैं संशोधन संख्या 335 पेश करता हूं।

श्री कार्तिक उरांव : मैं संशोधन संख्या 363, 364, 365, 366, 367, 368, 369, 370, 371, 372, 373 और 374 पेश करता हूं।

श्री दिनेश चन्द्र गोस्वामी : मैं संशोधन संख्या 428 पेश करता हूं।

श्री ए० सी० दास : मैं संशोधन संख्या 437 पेश करता हूं।

श्री इन्द्रजीत गुप्त : मैं संशोधन संख्या 449, 450 और 451 पेश करता हूं।

श्री शंकर दयाल सिंह : मैं संशोधन संख्या 494, 495,496, 497, 498, 499, 500, 501, 502 और 503 पेश करता हूं।

श्री एच० आर० गोखले : मैं प्रस्ताव करता हूं :

पृष्ठ 2, पंक्ति 24,--

"(Fourty-fourth Amendment)" ["(चवालीसवां संशोधन)"] के स्थान पर "(Fourty second Amendment)" ["(बयालीसवां संशोधन)"] रखा जाए।

डा० कैलाश : मैं संशोधन संख्या 553 प्रस्तुत करता हूं।

श्री जाम्बुवंत धोटे : मैं संशोधन संख्या 559 और 560 पेश करता हूं।

श्री इन्द्रजीत गुप्त : मैं संशोधन संख्या 571 पेश करता हूं।

श्री बी० वी० नायक : कई ऐसे राष्ट्र विरोधी संगठन हैं, जिनका कोई विधान नहीं है। इस तरह के संगठन को राष्ट्र-विरोधी संगठन के रूप में मानना कठिन है। इसी तरह सदस्यता का प्रश्न भी उठता है। ऐसा संभव है कि कुछ अच्छे संगठनों में कुछ राष्ट्र-विरोधी तत्व घुस जायें। खंड 5 में दी गई संगठन की परिभाषा अतिशयोक्तिपूर्ण लग सकती है। इसमें समुचित संशोधन किया जाना चाहिए।

प्रो० एस० एल० सक्सेना : मैं खंड 5 का पूरी तरह विरोध करता हूं। यह हमारी सांविधिक पुस्तिका के लिए अशोभनीय होगा। इससे किसी भी तरह की सरकार विरोधी गतिविधि असंभव हो जायेगी और सभी विपक्षी दलों के विरुद्ध इसका उपयोग किया जायेगा। अतः इसे हटा दिया जाना चाहिए क्योंकि अपराध प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत सरकार को पहले ही शक्ति प्राप्त है तथा शक्ति द्वारा सरकार को उखाड़ने आदि की कार्रवाई को इसके अन्तर्गत निपटा जा सकता है।

श्री मूलचन्द डागा : खण्ड 5 के अनुसार मिल कर्मचारियों का अपनी मांगें रखने के लिए मिल के गेट के बाहर इकट्ठा होना भी आन्तरिक गड़बड़ी में आ सकता है तथा उसे राष्ट्र विरोधी करार दिया जा सकता है। हमें संगठन बनाने का अधिकार है। हम इकट्ठे होकर सही बात के लिए लड़ सकते हैं। किन्तु इस बात का निर्णय कौन करेगा कि अमुक गति विधि आंतरिक गड़बड़ी पैदा करेगी या उससे राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इसका अधिकार जिला मजिस्ट्रेट को देना उचित नहीं।

उपाध्यक्ष महोदय : एक से अधिक खण्डों के लिए संशोधन देने वाले सदस्यों से मेरा अनुरोध है कि वे सभी खण्डों पर बोलें।

श्री कार्तिक उरांव : खंड 5 में राष्ट्र विरोधी गतिविधि की परिभाषा में समुचित संशोधन किया जाना चाहिए। किसी लोकतांत्रिक देश में किसी भी सरकार को शक्ति के बल पर सत्ता से नहीं हटाया जा सकता। ऐसा केवल तभी हो सकता है जबकि वह लोकतांत्रिक और कानूनी नियमों का उल्लंघन करे, तभी सरकार का तख्ता पलटा जा सकता है।

कर्मकारों, किसानों तथा समाज के अन्य वर्गों द्वारा सरकार में या सरकारी अथवा गैर-सरकारी उपक्रम में किसी ऐसे मामले में, जिससे विभिन्न वर्गों में घृणा की प्रवृत्ति उत्पन्न होती हो, परिवर्तन करने के लिए शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन या हड़ताल करना देश-विरोधी गतिविधि नहीं समझी जानी चाहिए। यदि कोई गलत बात हो रही है तो क्या हम उसके विरुद्ध आवाज नहीं उठा सकते?

खंड 5 में यह उपबंध किया जा रहा है कि विभिन्न धर्मों, भाषा या क्षेत्रीय दलों या जाति अथवा समुदायों के बीच की एकता को भंग करने या धमकी देने की कोई भी गतिविधि, जो जानबूझ कर की गई हो या जो जानबूझ कर बनाई गई योजना का भाग हो, राष्ट्र विरोधी गतिविधि समझी जायेगी।

"धर्मों, भाषा या क्षेत्रीय दलों अथवा जातियों या समुदायों" के स्थान पर "जाति, साम्प्रदायिक, भाषायी अथवा क्षेत्रीय दल" शब्द प्रतिस्थापित किये जाने चाहिएं।

हम कुछ क्षेत्रों में पैदा की जा रही आर्थिक विषमताओं के विरुद्ध उठायी जाने वाली आवाज को बन्द नहीं कर सकते। यदि हम कहते हैं कि कुछ पिछड़े क्षेत्रों की उपेक्षा की जा रही है या उनका विकास नहीं किया जा रहा है और यदि इस बात को राष्ट्र विरोधी बात समझा जाता है तो यह अनुचित है।

Shri Md. Jamilurrahman: Any action taken for religious preachings and propagation shall not be treated as anti-national.

Our bureaucrats should not be given more powers. Otherwise they will make our Constitution a mockery. We have added "Secular" and "Socialist" words in the preamble to Constitution. If in a Secular and Socialist country any body propagate his religion, he should not be considered as anti-national element. We are force to propagate our religion. Restrictions should not be imposed on religious processions.

Mr. Gokhale has said that the rights of minorities, Scheduled Castes and Scheduled Tribes will be protected, but the question is this that how far their rights are being protected. Government have reserved certain quota in services for Scheduled Castes and Scheduled Tribes, but that quota has not been filled up. The rights of minorities, Scheduled Castes and Scheduled Tribes guaranteed, under the Constitution should not be affected. A provision should be made in clause 5 for this purpose.

श्री **इब्राहीम सुलेमान सेठ** (कोजीकोड) : खंड 5 में राष्ट्र-विरोधी गतिविधि के बारे में किये जा रहे उपबन्ध से अल्पसंख्यकों के ही नहीं वरन् आम जनता के मन में आशंका उत्पन्न हो गई है।

हमें अपने धर्म के प्रचार की पूर्ण स्वतंत्रता है। किन्तु देश-विरोधी गतिविधि की अतिशयोक्तिपूर्ण परिभाषा की विभिन्न तरीकों से व्याख्या की जा सकती है। स्थानीय स्तर का एक छोटा सा अधिकारी भी इसकी व्याख्या कर सकता है। यदि संविधान में यह खंड रख लिया गया तो ये स्थानीय अधिकारी सभी शक्तियां ले लेंगे। ये नौकरशाह मनमानी करने लगेंगे और लोगों पर अत्याचार करेंगे।

यहां तक कि श्रमिकों का समुचित मजूरी लेने के लिए आन्दोलन करने का अधिकार भी छीन लिया जायेगा। न्याय पाने के लिए श्रमिकों द्वारा किये जाने वाले आन्दोलनों को रोक लिया जायेगा अल्पसंख्यकों की न्यायोचित मांगों के लिए बैठक बुलाने का अधिकार अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सभी अल्पसंख्यकों को संगठन बनाने का अधिकार है। यदि हम अपने अधिकारों के लिए आन्दोलन करेंगे तो उसे आंतरिक गड़बड़ी या साम्प्रदायिक एकता भंग करने की गतिविधि समझ लिया जायेगा।

किसी भी कार्यकारी आदेश या इस कानून के अन्तर्गत किसी संगठन को देश-विरोधी घोषित करने की कार्यवाही किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा जांच करने के लिए विशेष उपबन्ध किया जाना चाहिए।

श्री दिनेश चन्द्र गोस्वामी (गौहाटी) : खंड 5 से सरकार को कोई नई शक्ति नहीं मिलती क्योंकि हम पहले ही गैर-कानूनी गतिविधि अधिनियम पारित कर चुके हैं, जिसके अन्तर्गत किसी संगठन को गैर-कानूनी घोषित करने का सरकार को अधिकार प्राप्त है।

अतः यह शक्ति तो सरकार को पहले ही प्राप्त है। अब तो केवल इतना है कि हमें "समुचित प्रतिबन्धों" के उपबन्धों को ध्यान में रखकर इसे परखना है।

किसी व्यक्ति या संगठन द्वारा कोई भी कार्यवाही "जो आंतरिक गड़बड़ी फैलाने या जन सेवाओं में बाधा पहुंचाने के लिए जानबूझ कर की गई है, या जानबूझ कर बनाई गई योजना का एक भाग है", देश-विरोधी गतिविधि समझी जायेगी। यह बहुत ही व्यापक उपबन्ध है। संवैधानिक संशोधन के मामले में यह पूर्ण रूप से ठीक होना चाहिए। यहां इसमें कुछ त्रुटि है और इसे दूर किया जाना चाहिए।

राष्ट्र-विरोधी संगठन का अर्थ, उस संगठन से है, जिसके सदस्य को देश-विरोधी गतिविधि करते हैं या उसमें लगे हुए हैं। कोई बहुत बड़ा संगठन हो सकता है जो कि वास्तव में राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में न लगा हो। किन्तु यदि इसके चार या पांच सदस्य राष्ट्र-विरोधी गतिविधि में लगे हों या उस संगठन के उचित प्रयासों को विफल करने के लिए उसमें कुछ देश-विरोधी तत्व घुस जायें तो क्या सरकार खंड 5 के अन्तर्गत उसे राष्ट्र-विरोधी संगठन करार देगी? यह बात स्पष्ट की जानी चाहिए।

श्री अनादि चरण दास (जाजपुर) : खंड 5 में यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि उन व्यक्तियों की गतिविधियां देश-विरोधी समझी जायें जो कि देश-विरोधी गतिविधियों में लगे लोगों की सहायता करें।

डा० रानेन सेन : खंड 5 बहुत ही आपत्तिजनक है, जिसका परिणाम जनसाधारण के लोकतांत्रिक तथा अधिकारपूर्ण आन्दोलन को दबाना होगा। सरकार को यह उपबन्ध इस विधेयक में नहीं जोड़ना चाहिए।

खंड 5 के उपबन्ध जनसाधारण के विरुद्ध जायेंगे। हड़तालों पर रोक लग जायेगी। यह स्पष्टतया कार्मिक संघ आन्दोलन, किसान आन्दोलन तथा खेतिहर श्रमिकों के आन्दोलन के विरुद्ध है।

निम्न स्तर पर अधिकारियों ने अपने क्षेत्रों में विद्यमान कानूनों का दुरुपयोग किया है। स्थानीय अधिकारियों की ही तूती बोलेगी।

खंड 5 के उपबन्धों को कार्यान्वित करने का कार्य स्थानीय अधिकारियों को नहीं सौंपा जाना चाहिए। ऐसे भी उदाहरण हैं, जहां शत्रुता के कारण लोग गिरफ्तार किये गये हैं तथा संगठनों पर प्रतिबन्ध लगाया गया है। एक स्वतंत्र न्यायाधिकरण स्थापित करने के लिए उपबन्ध किया जाना चाहिए जो कि यह निर्णय करेगा कि क्या कोई विशेष व्यक्ति या विशेष संगठन किसी राष्ट्र-विरोधी गतिविधि में लगा हुआ है। उच्चतम न्यायालय में अपील करने का अधिकार भी होना चाहिए।

शिक्षा, सेवाओं आदि के बारे में कई न्यायोचित शिकायतें हैं। यदि कोई इस तरह का आन्दोलन चलता है कि मुसलमानों को शिक्षा में उचित भाग नहीं मिला तो फिर पुनः देश की सुरक्षा तथा एकता में गड़बड़ी पैदा हो जायेगी। इसलिए इस बात की संभावना है कि इस खंड का अल्पसंख्यकों या मुसलमानों के विरुद्ध दुरुपयोग होगा।

Shri Shankar Dayal Singh (Chatra): There is a reference of anti-national activities in clause 5, but there is no mention of anti-social elements or activities. My amendment is this that the word "or Social" should be added after the word "nation". Because both, anti-national and anti-Social activities are dangerous for the country. Both are equally harmful for the society.

There is a reference of creating disturbance among the various religious groups in this clause. My suggestion is this that after the word "religious" "castes" word should be added.

On page two the word intended had been used. I could not follow the Hindi translation of this word. In the same manner tough Hindi translated words have been used for word 'disrupt' etc. Such tough words should not be used. I have given few amendments in regard to such words also.

Attempt to disrupt harmony between different religious groups will be construed as anti-national activity. Activities aiming at disrupting harmony between different castes should also be regarded as anti-national. I would request the hon. Minister to accept my amendments.

उपाध्यक्ष महोदय : श्री गोखले अपने संशोधन के सम्बन्ध में कुछ कहना चाहते हैं।

श्री एच० आर० गोखले : यह एक औपचारिक संशोधन है।

उपाध्यक्ष महोदय : अतः आप इस बारे में कुछ नहीं कहना चाहते। डा० कैलास आप अब अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं।

डा० कैलास (बम्बई दक्षिण) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा संशोधन बहुत सरल है। खंड 5 में एक नया अनुच्छेद 31 ङ में जोड़ दिया जाना चाहिए जिसमें यह उपबंध हो कि अनुच्छेद 19 में निहित सम्पत्ति के अर्जन, अपने पास रखने तथा उसे निपटाने का अधिकार संविधान के भाग चार में निहित निर्देशक सिद्धान्तों को कार्यान्वित करने के लिए किसी कानून को अधिनियमित करने पर ही होगा। हमारा लक्ष्य समाजवाद है जब यह बात स्पष्ट है तो सम्पत्ति के अर्जन और उसके रखने सम्बन्धी शब्द को रखने की क्या आवश्यकता है। स्वभाविक रूप से हम उन लोगों को सीमित रखना चाहते हैं जिनके पास सम्पत्ति है। विधि मंत्री को यह संशोधन स्वीकार कर लेना चाहिए।

Shri Jambuwant Dhote (Nagpur): Mr. Deputy Speaker, sir I would like to make few observations in regard to my amendments Numbers 559 and 560. This part of the 44th amendment is most damaging. Though this clause the bureaucracy has been given enormous powers.

Clause 5 gives a very comprehensive definitions of anti-national activity. Who will decide whether a particuuar organisation is anti-national or not? This will be decided by bureaucrats. This clause will thus arm the bureaucracy with widepowers which can be misused.

There are already laws to deal with anti-national activities. There are provisions in the Indian Penal Code and Criminal Procedure Code. The unlawful Activities (Prevention) Act is also there. In view of this why clause 5 is included in this Bill?

It is a dangerous clause and will bring disgrace to this Parliament. I have given an amendment to the effect that a part of this clause should be deleted. This amendment should be accepted.

उपाध्यक्ष महोदय : यह खण्ड बहुत महत्वपूर्ण है और इसके संबंध में कई माननीय सदस्यों ने संशोधन प्रस्तुत किए है लेकिन जब भी मैं उनका नाम बुलाता हूं तो वे अपना संशोधन पेश करने के लिए यहां उपस्थित नहीं होते और अब मैं उन्हें अपने संशोधन प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं दूंगा । श्री कार्तिक उरांव मैंने आपका भी नाम बुलाया था पर शायद आप बोलने के लिए तैयार नही थे । खैर आप अब अपना संशोधन प्रस्तुत कर सकते हैं ।

श्री कार्तिक उरांव (लोहार डगा): मैंने अपना संशोधन उपखण्ड (4) के बारे में प्रस्तुत किया है । मैं यह कहना चाहता हूं कि . . .

उपाध्यक्ष महोदय : मुझे मेरे कार्यालय ने बताया है कि आप इस संबंध में बोल चुके हैं । अतः आप कृपया बैठ जाएइ क्योंकि अभी काफ़ी सदस्यों को इस विषय पर बोलना है अतः आपको दुबारा इस पर बोलने की अनुमति नहीं दी जा सकती आप कृपया सहयोग दीजिए मैं वही करूंगा जो मुझे उचित लगेगा ।

श्री सी० एम० स्टीफन (मुवत्तुपुजा) : कानून और संविधान सरकार को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए पर्याप्त शक्तियां देता है । अब कुछ गतिविधियों को रोकने के लिए कानून बनाने का अधिकार दिए जाने का प्रस्ताव है यद्यपि अनुच्छेद 14, 19 और 31 विद्यमान रहेंगे ।

एक व्यक्ति की राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए पर्याप्त कानून हैं । परन्तु संगठनों को इन गतिविधियों से रोकने के लिए कानून में कुछ कमियां है तथा उन्हें दूर करना है ।

सम्पत्ति से संबंधित अनुच्छेद 31 पर किसी संगठन की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए स समय विचार क्यों किया जा रहा है । इस अनुच्छेद का इससे सीधा संबंध नहीं है ।

यदि कोई संगठन मूलतः राजनीतिक है परन्तु उसकी आड़ में किसी धर्म और मंत्र पूजा आदि का प्रचार करता है तो उस पर नियंत्रण रखना वर्तमान खण्डों के अंतर्गत कठिन होगा क्यों कि अनुच्छेद 25 और 26 को इस खण्ड को समाप्त करने के लिए भी लाया जा सकता है । इस पर विचार किया जाए । खण्ड 5 में भी सरकार को उखाड़ने से संबंधी कार्यवाहियों को रोकने के लिए कानून बनाने का अधिकार संसद को दिया गया है । इसका अर्थ हुआ कि ऐसी गतिविधियों को रोकने के लिए संसद् ही कानून बना सकती है विधान सभाएं नही । यह अनुच्छेद 246 का उल्लंघन होगा और समवर्ती अथवा राज्य सूची के कुछ विषयों को निकालना होगा ।

खण्ड 4 (ख) दो में कहा गया है कि जो गतिविधियां भारत की प्रभुसत्ता और गरिमा को नकारती हैं, संदेह करती हैं, छिन्न-भिन्न करती हैं अथवा उसके लिए खतरा पैदा करती है वे राष्ट्र विरोधी गतिविधियों हैं । प्रभुसत्ता को स्वीकार न करने अथवा उसके संबंध में संदेह करने वाले शब्दों का लोप कर दिया गया है । इस पर विचार किया जाना चाहिए ।

भाग 3 में एक संगठन का अर्थ है व्यक्तियों का संगठन परन्तु यदि निगमित व्यक्ति, शक्ति संपन्न व्यक्ति का संगठन बनाते है तो वह इस खण्ड के क्षेत्राधिकार से बाहर होगा । 'व्यक्ति' शब्द के संबंध में यह स्पष्ट किया जाए कि वह निगमित है अथवा अनिगमित । हमें चाहिए कि हम इस खण्ड की

पकड़ को इतना व्यापक बनाए जिससे कोई भी व्यक्ति इससे बच नहीं पाए। मैं इस खण्ड को अत्यधिक सावधानी बरते जाने की चेतावनी के साथ स्वीकार करता हूं। यह चेतावनी इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि सरकार को अपने अधिकारों का प्रयोग प्रभावशाली ढंग से करना होगा इस प्रकार नहीं करना होगा कि कुछ संगठित संघ उनके क्षेत्राधिकार से बाहर हो जाए। संसद् देश की एकता सर्वोच्चता कानून व्यवस्था नैतिकता आदि बनाए रखने के लिए किसी भी संघ पर रोक लगा सकती है। मंत्री महोदय से अनुरोध है कि वह मेरी बातों पर विचार करें।

श्री एस० एन० मिश्र (कन्नोज) : उपाध्यक्ष महोदय, खण्ड 5 के बारे में लोगों में बड़ा सन्देह है। वे सोचते हैं कि यदि इस का दुरुपयोग किया जा सकता है। इस लिए यह आवश्यक है कि लोगों को इस के दुरुपयोग के विरुद्ध संरक्षण प्रदान किया जाये।

अभी थोड़ी देर पहले एक माननीय सदस्य ने कहा था कि खण्ड 5 का मामला स्वर्ण सिंह समिति के समक्ष नहीं था। इस से यह जाहिर होता है कि संविधान में इस उपबन्ध को शामिल करने में नौकरशाही का हाथ है तथा वे चाहते हैं कि जनता पर उन का नियंत्रण रहे। वस्तुतः जब हम गुलाम थे और हमारे ऊपर अंग्रेजों का शासन था, उस जमाने में भी न्यायालयों से सुरक्षा प्राप्त करने से वंचित करने का उपबन्ध नहीं था। यह नहीं कहा जा सकता कि कार्यपालिका अथवा सरकार हमेशा सही ही होगी तथा उन का कोई भी कार्य गलत नहीं होगा। इसी लिए मैंने यह संशोधन पेश किया है कि किसी भी नागरिक को उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में जाने के अवसर से वंचित न किया जाये।

श्री ओ० वी० अलगेशन (तिरुत्तनी) : महोदय, मैं इस खण्ड का स्वागत करता हूं। देश में तमिलनाडु राज्य को छोड़ कर और किसी राज्य में ऐसा दल नहीं है, जो देश से पृथक होने की बात कहता हो। केवल तमिलनाडु में ही एक ऐसा राजनीतिक दल है जिस का उद्देश्य देश के मुख्य भाग से अलग होना और उस का अंग न रहना था। अब औपचारिक रूप से उसने भी अपना वह उद्देश्य छोड़ दिया है, परन्तु वह छिपे तौर पर उस उद्देश्य की प्राप्ति के लिये प्रयास करता रहा है। इस लिये मैं राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को रोकने के उपबन्ध का स्वागत करता हूं। फिर भी मैं यह चाहता हूं कि सामान्य रूप में वैध और विधि सम्मत राजनीतिक गतिविधियों को, जो देश की सेवा अपने आदर्शों के अनुरूप करके सरकार के शन्तिपूर्वक तरीके से चुनाव द्वारा बदलना चाहती हैं, स्वतंत्रता-पूर्वक चाल रखने दिया जाये ? इस सम्बन्ध में मैंने अपना संशोधन भी दिया है।

श्री प्रियरजन दास मुंशी (कलकत्ता दक्षिण) : चूंकि मैं अब अपना संशोधन पेश नहीं कर सकता इस लिये मैं अपना मत स्पष्ट करना चाहता हूं। हमें जनता को और संसार को यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि "राष्ट्र विरोधी गतिविधि" से हमारा तात्पर्य क्या है। अब क्योंकि समाजवाद की भावना को प्रस्तावना में शामिल कर उसे संविधान और देश का मार्गदर्शक बना दिया गया है, सम्पूर्ण राष्ट्र समाजवाद के प्रति वचनबद्ध है। समाजवाद किसी दल विशेष की बपौती नहीं है, अपितु काश्मीर से ले कर कन्याकुमारी तक समूचे राष्ट्र का संकल्प है। अब हमें धीरे-धीरे अपने समाजवाद के कार्य-क्रमों को लागू करना है। अतः अब कोई यदि इस का विरोध करता है तो उसकी गतिविधि को राष्ट्र विरोधी माना जाये।

श्री जय प्रकाश नारायण के आन्दोलन के दौरान गांधी पीस फाऊंडेशन को भारी मात्रा में विदेशी धन प्राप्त हुआ था। देश में ऐसे और भी कई न्यास तथा सोसाइटियां हैं, जिन्हें सरकार की जानकारी के बिना भारी मात्रा में विदेशी धन प्राप्त होता है। यदि किसी न्यास या ग्रुप या किसी व्यक्ति

की भारत में शाखायें हैं और भारत सरकार को उन की जानकारी नहीं है और उन्हें विदेश से आर्थिक सहायता मिलती है, तो उन को राष्ट्र विरोधी माना जाये। ऐसे सभी न्यासों और उनकी शाखाओं को राष्ट्र विरोधी घोषित करके उन्हें समाप्त किया जाना चाहिये।

श्री एच० एन० मुकर्जी ने अपने भाषण में कहा था कि मिस्टर जे० कुमार नामक किसी व्यक्ति ने वाशिंगटन में इंडियन डेमोक्रेटिक ग्रुप का गठन किया है। किसी अन्य व्यक्ति ने लंदन में इंडियन हारमोनी सोसाइटी नामक संस्था का गठन किया है। किसी और व्यक्ति ने पश्चिम जर्मनी में इंडियन नेशनल क्लब बनाई है। वे लोगों को आमंत्रित करते हैं तथा ऐसा ज्ञात हुआ है कि देश में संकट के समय उन्होंने देश की जो तस्वीर पेश की है वह किसी दल विशेष के विरुद्ध नहीं अपितु देश की लोकतंत्रात्मक पद्धति के विरुद्ध है। वे इस विचार धारा का प्रचार करते हैं कि हम देश के लोकतंत्रात्मक दृष्टिकाण के विरुद्ध हैं। इन ग्रुपों और व्यक्तियों की शाखायें और सहयोगी हैं जो कार्य कर रहे हैं तथा जो समाज विरोधी गतिविधियों के अन्तर्गत नहीं आते हैं। यदि उन्हें राष्ट्र विरोधी नहीं माना जाता, तो राष्ट्र विरोधी क्या है?

जहां तक कार्मिक संघ गतिविधियों का सम्बन्ध है, प्रधान मन्त्री ने ठीक ही कहा है कि अभी भी कुछ लोग कार्मिक संघ गतिविधियों की आड़ में देश विरोधी कार्यवाइयों में लगे हुए हैं। लोकतन्त्र में बहुमत की बात मानी जाती है तथा यह सिद्ध हो गया है कि बहुमत हमारे साथ है, न कि दक्षिण-पंथी प्रतिक्रियावादियों के साथ। हमारे देश में मिश्रित अर्थ व्यवस्था है जिसमें सरकारी क्षेत्र तथा गैर-सरकारी क्षेत्र दोनों हैं। गैर-सरकारी क्षेत्र के एकाधिकारी गृहों की भावना को समझते हुए मैं यह कहता हूं कि यदि एकाधिकारी गृह ऐसी गतिविधियों में लगते हैं जो राष्ट्र के हितों के विरुद्ध हैं तो उन्हें राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल किया जाये तथा उसी के अनरूप उनके खिलाफ़ कार्यवाही की जाये।

Shri Sarjoo Pandey (Ghazipur): I have given amendments to clause 5 as I apprehend that this clause is likely to be misused by the bureaucracy. After the Bill is passed if some individuals are holding a meeting they can be arrested on a mere suspicion of an official that they want to overthrow the Government or create internal trouble or want to disrupt the services. This is highly unfair.

Earlier also when MISA was enacted, an assurance was given to the House that the measure would not be used for political purposes. But later facts belied this.

It is being falsely propagated that Muslims are against sterilisation. Recently there has been a case of firing in Muzaffarnagar where 40 persons have been killed as a result of firing because the Magistrate thought that the Muslims were against sterilisation. Such misuse of power is likely to take place again.

I am afraid this measure would be used against minorities and also against communist workers. This measure would put to stop all progressive activities. If my party workers would hold a meeting to agitate against monopolists and exploitation of workers, such a meeting would be banned on the ground of 'anti-national' activity. This should be looked into seriously.

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री एच० आर० गोखले) : कुछ सदस्यों का कहना है कि खण्ड 5 को हटा दिया जाये। कुछ सदस्यों ने कहा है कि इसकी शब्दावली को कुछ ढीला किया

जाये। मैं उनकी इस मांग से सहमत नहीं हूं। यह उपबन्ध भविष्य में उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों को ध्यान में रख कर किया गया है।

यह आरोप लगाया गया है कि सरकार फ़ासिस्ट शक्तियां प्राप्त करना चाहती है। इस उपबन्ध का मुख्य उद्देश्य फ़ासिस्ट संगठनों को, जो सरकार को उलटना चाहते हैं और देश में लोकतन्त्र के संवैधानिक विकास को रोकना चाहते हैं, नियन्त्रण में रखना है।

कुछ उचित आशंकायें भी उठायी गई हैं कि इस उपबन्ध का उपयोग कार्मिक संघों के विरुद्ध किया जायेगा। यह स्पष्ट है कि इस प्रकार के कानून का उपयोग उचित कार्मिक संघ गतिविधियों को रोकने के लिये नहीं किया जायेगा। इस उपबन्ध के द्वारा सरकार को कोई कार्यवाही करने का वैध अधिकार ही दिया गया है। इसलिये कौन-सी गतिविधियों को इसके अन्तर्गत रखा जायेगा यह संसद् द्वारा इस कानून के पास किये जाने पर ही निश्चित हो सकेगा। बहुत से भय समय से पूर्व हैं।

यह कहा गया है कि इस कानून का दुरुपयोग किया जा सकता है। यदि इसका दुरुपयोग होता है तो इस पर संसद् या अन्य ऐसी किसी संस्था की मार्फ़त जनमत के द्वारा अंकुश लगाया जा सकता है। परन्तु केवल एक या दो जगह इसका दुरुपयोग होने से यह नहीं कहा जा सकता कि यह कानून या उपबन्ध सर्वथा बेकार है। इस सम्बन्ध में कानून में कुछ सुरक्षात्मक उपबन्ध भी किये जा सकते हैं। न्यायाधिकरण की स्थापना करना एक ऐसी सुरक्षा है जिस पर विचार किया जा सकता है।

यह आशंका भी प्रकट की गई है कि इस कानून के पास होने से अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। किसी भी राष्ट्र विरोधी गतिविधि को, भले ही वह बहुसंख्यकों द्वारा या अल्पसंख्यकों द्वारा की गई हो, रोकना आवश्यक है। कल प्रधान मन्त्री द्वारा आनन्द मार्ग और राष्ट्रीय स्वयं संघ का उल्लेख किया गया था। आज तो आपात स्थिति में उन पर प्रतिबन्ध लगा हुआ है लेकिन सामान्य स्थिति में भी उन्हें कार्य नहीं करने दिया जा सकता।

जब यह कानून पास किया जायेगा तो उसके सभी पहलुओं पर विचार होगा। संसद् इस पर विचार करेगी और उसे पास करेगी। कानून के लागू किये जाने पर यदि न्यायाधिकरण बना तो वह उस पर दृष्टि रखेगा। असली बात यह है कि हम पहले से नहीं सोच सकते कि संसद् क्या निर्णय लेगी। लेकिन किसी छोटे अधिकारी को यह अधिकार नहीं होगा कि वह किसी संगठन को राष्ट्र विरोधी घोषित कर दे।

श्री स्टीफन ने पूछा है कि वर्तमान संविधान के उपबन्धों के अधीन ऐसा क्यों नहीं किया जाता। हमने बहुत गम्भीरता से और बारीकी से जांच की है और यह निष्कर्ष निकाला है कि बिना उपयुक्त संसदीय संवैधानिक प्राधिकारों के ऐसा करना खतरनाक है। राजनीतिक विचारधारा से प्रभावित न्यायपालिका इन मामलों पर उचित रूप से विचार नहीं कर सकती। इसलिए ऐसे प्राधिकरण के गठन की आवश्यकता है जो, कानूनी और तकनीकी उलझनों से बच सके और साथ ही यह निर्णय भी कर सके कि कौन-कौन सी गतिविधियां राष्ट्र विरोधी हैं। संविधान का अनुच्छेद 19 तथा कई अन्य अनुच्छेद ऐसे हैं कि जिनकी आड़ में न्यायालय किये गये फ़ैसलों को रद्द कर सकता है। इस व्यवस्था को ठीक करने के लिए यह संवैधानिक संशोधन किया गया है।

मेरे विचार से हम पूरे भाग 3 को आपत्तिजनक न मानें। अनुच्छेद 25 और 26 भी इस कानून के परिचालन में बाधक नहीं हैं। आनन्द मार्ग जैसा संगठन इन अनुच्छेदों का आश्रय ले सकता है पर किसी एक संगठन के लिए बहुत व्यापक कानून नहीं बनाया जाना चाहिये। यह भी कहा गया है कि

[श्री एच० आर० गोखले]

अनुच्छेद 31 को अनुच्छेद 19 के साथ क्यों शामिल किया गया है। अनुच्छेद 19 में सम्पत्ति भी शामिल है लेकिन अनुच्छेद 31 अधिक स्पष्ट है। ऐसे संगठनों की शक्ति उनकी सम्पत्ति होती है इसलिए सम्पत्ति सम्बन्धी प्रावधान अत्यन्त आवश्यक है। इसलिए अधिक सावधानी के रूप में राष्ट्र विरोधी संगठनों की सम्पत्ति पर विचार करने का अधिकार भी इस उपबन्ध में रखा गया है।

समाज विरोधी शब्द नहीं रखा गया है क्योंकि हम राष्ट्र की व्यापक समस्या पर विचार कर रहे हैं।

Shri Shankar Dayal Singh (Chatra): Anti-social elements are no better. They are the worst enemies of the society. They are social offenders and mislead the public. Their activities should be regarded as anti-national.

Shri H. R. Gokhale: We will look into it whenever the need arises.

अल्पसंख्यकों को भी राष्ट्र विरोधी कार्यवाहियां करने का अधिकार नहीं। राष्ट्र विरोधी कार्य करने वाला कोई भी क्यों न हो उसे परिणाम भुगतना होगा। (व्यवधान)

खण्ड—6

सभापति महोदय : अब हम खण्ड 6 पर विचार करेंगे।

श्री भोगेन्द्र झा : मैं संशोधन संख्या 27 पेश करता हूं।

श्री भोगेन्द्र झा : मैं संशोधन संख्या 82 पेश करता हूं।

श्री एस० एन० मिश्र : मैं संशोधन संख्या 171 पेश करता हूं।

श्री के० मायातेवर : मैं संशोधन संख्या 554 पेश करता हूं।

श्री भोगेन्द्र झा (जयनगर) : अनुच्छेद 32 क का जोड़ा जाना स्वागत योग्य है। यह एक अच्छा उपबन्ध है क्योंकि अनेकों राज्यों में राज्य विधान मण्डल द्वारा बनाये गये कानूनों को उच्च न्यायालयों या उच्चतम न्यायालय ने रद्द कर दिया है। कई मामलों में इन्हें लागू किये जाने से रोक दिया है। संविधान के लागू होने के समय से ही हमारे सामने ऐसी समस्याएं आती रही हैं और उनसे निपटने के लिए संशोधन किये गये हैं। यहां मेरा संशोधन यह जोड़े जाने के बारे में है "अथवा जब तक किसी राज्य का विधान भाग चार में निहित स्वार्थों के विरुद्ध है।"।

इस संशोधन विधेयक द्वारा यह उपबन्ध किया गया है कि यदि मूल अधिकारों और निदेशक सिद्धान्तों में टकराव हो तो निदेशक सिद्धान्तों को प्राथमिकता दी जाये। परन्तु विधेयक द्वारा संविधान में ऐसा कोई उपबन्ध नहीं है जिससे न्यायालयों को यह अधिकार मिल सके कि वे निदेशक सिद्धान्तों को लागू करा सकें। इस संशोधन के स्वीकार किये जाने से सरकारी नीतियों और घोषणाओं पर पुनः विचार हो सकेगा अथवा सम्पत्ति के अधिकार और निदेशक सिद्धान्तों के बीच मेल नहीं हो सकेगा। उच्च न्यायालय के बारे में भी ऐसा ही संशोधन पेश किया गया है। आशा है दोनों स्वीकार कर लिए जायेंगे।

श्री सी० एम० स्टीफन (मुक्तपुत्रा): मैं एक अत्यन्त महत्वपूर्ण संशोधन पेश कर रहा हूं। वह यह है कि प्रस्तावित अनुच्छेद 32क के अन्त में यह जोड़ा जाये :

"अथवा अनुच्छेद 368 के अन्तर्गत बनाये गये विधान पर विचार किया जा सके।"

मुख्य समस्या अनुच्छेद 368 के अन्तर्गत पास किये जाने वाले कानूनों को बचाने की है। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अनुच्छेद 368 के अन्तर्गत पारित कानून अनुच्छेद 30 की परिधि के अन्तर्गत नहीं आते। अनुच्छेद 368 को संशोधित किये जाने के बाद भी उन्होंने सभा द्वारा पारित कानूनों को रद्द किया है। हमें स्मरण रखना चाहिए कि अनुच्छेद 32 स्वयं मूल अधिकार के बारे में है। इसलिये उच्चतम न्यायालय के पास मामला ले जाया जा सकता है।

श्री गोखले ने एक और संशोधन पेश किया है कि संविधान के किसी भी संशोधन पर न्यायालय में विचार नहीं किया जा सकता। अतः यह कहा जा सकता है कि यह बात उस संशोधन के अन्तर्गत आ गई है। लेकिन इसके अन्तर्गत एक विशेष प्रकार के मामले नहीं आते।

(व्यवधान)

न्यायालय ने 24वें और 25वें संशोधन को रद्द कर दिया था क्योंकि उनका कहना था कि संवैधानिक शक्तियों का प्रयोग कर ये संशोधन पास नहीं किये। बल्कि वह साधारण कानून हैं। इस दशक में हमारा उद्देश्य संविधान को बचाना और अपनी संवैधानिक सत्ता को पुनः कायम करना है। हमें सभी त्रुटियों को दूर करना है।

श्री भोगेन्द्र झा : मैं संशोधन संख्या 452 पेश करना चाहता हूं। संशोधन संख्या 27, 82 और 452 तो एक ही चीज हैं।

सभापति महोदय : 452 और 27 संशोधन भी एक से हैं। मैं उनके लिए अनुमति नहीं दे सकता।

श्री एस० एन० मिश्र (कन्नोज): सभापति महोदय, मेरा संशोधन खण्ड 6 के बारे में है। संशोधन यह है "सिवाय इसके जबकि मामले पर उच्चतम न्यायालय में अपील की गई हो" शब्दों को जोड़ना है। यह संशोधन न किया गया तो कोई भी नागरिक उच्च न्यायालय के निर्णयों को सर्वोच्च न्यायालय मे चुनौती नहीं दे सकेगा। ऐसी स्थिति में वादी केवल विशेष अनुमति की शरण ही ले सकता है। अतः यह आवश्यक है कि नागरिक को राज्य द्वारा पास किये गये कानून के सम्बन्ध में उच्च न्यायालय द्वारा किये गये निर्णय के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में अपील कर सके। अतः मेरे संशोधन संख्या 171 पर विचार किया जाये। यह मेरा अनुरोध है।

श्री डी० के० पंडा (भंजनगर): सभापति महोदय, संवैधानिक उपचार तो देश के नागरिक का अधिकार है। मैं यह अनुभव करता हूं कि यदि निदेशक सिद्धान्तों का उल्लंघन होता है तो उसके विरुद्ध उच्चतम न्यायालय मे जाने की अनुमति होनी चाहिये और उच्चतम न्यायालय उस पर विचार करे। हम उच्चतम न्यायालय के अधिकार-क्षेत्र का विस्तार नहीं चाहते लेकिन निदेशक सिद्धान्त तो संविधान की जान हैं। यदि किन्हीं स्थितियों में राज्य विधि या सरकार संविधान के विरुद्ध जाती हैं तो नागरिक को उच्चतम न्यायालय में मामला ले जाने का अधिकार हो।

मन्त्री जी ने इस खण्ड को विधेयक में शामिल करने का कोई आधार नहीं बताया है। खण्ड 31क तथा 32क में कुछ विरोध है और कुछ न्यायाधीश अथवा अवांछनीय तत्व इसका नाजायज लाभ उठा

[श्री डी० के० पंडा]

सकते हैं। अतः अब जबकि हमने नीति-निदेशक सिद्धान्तों के आधार पर इतना विचार किया है और उन्हें संविधान का मुख्य केन्द्र माना है तो ऐसी स्थिति में यदि कोई राज्य का कानून नीति निदेशक सिद्धान्तों का उल्लंघन करता है तो नागरिकों को उसके विरुद्ध उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने का अधिकार होना चाहिए।

श्री के० मायातेवर (डिंडिगुल): अब स्थिति यह है कि केन्द्रीय कानूनों को केवल उच्चतम न्यायालय में ही चुनौती दी जा सकती है। यदि दक्षिण के राज्यों में, अर्थात् तमिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक अथवा केरल में रहने वाले किसी भी नागरिक को इस सम्बन्ध में कुछ शिकायत होगी तो उच्चतम न्यायालय की शरण में आने के लिये उसे दिल्ली आना पड़ेगा। इन लोगों को दिल्ली तक आने के लिये परेशान क्यों किया जाये? क्योंकि उन्हें यहां आने के लिये हजारों मील की यात्रा करनी पड़ेगी। यहां अवसरों में समानता नहीं हैं। मेरी सीधीसी मांग यह है कि दक्षिणी राज्यों को उच्चतम न्यायालय में मामला पेश करने के अधिकार से वंचित क्यों किया जाये। ऐसे मामलों की सुनवाई के लिये उच्चतम न्यायालय की एक बेंच अथवा शाखा दक्षिण में खोली जानी चाहिये। ताकि इससे चारों राज्यों को सुविधा हो सके।

आशा है मंत्री महोदय दक्षिण के लोगों की ओर से की गई मेरी इस मांग पर सहानुभूति-पूर्वक विचार करेंगे। इस आशय का खंड 6 में एक संशोधन किया जाये।

श्री एच० आर० गोखले: एक प्रस्ताविक संशोधन नीति निदेशक सिद्धान्तों के उल्लंघन को न्यायालय में चुनौती देने के सम्बन्ध में है। समझ में नहीं आता कि उच्च न्यायालय में इन कानूनों के बारें में चुनौती क्यों नहीं दी जा सकती। यदि किसी कानून का उल्लंघन होता है और उसके विरुद्ध चुनौती देनी ही है तो उच्च न्यायालय में उसके लिये चुनौती दी जा सकती है।

माननीय सदस्य श्री स्टीफन ने कहा है कि केन्द्रीय कानून के सम्बन्ध में अनुच्छेद 32 के अन्तर्गत चुनौती देने की मनाही होनी चाहिये और इस सम्बन्ध में हमें खंड 32 में एक उपबन्ध करना चाहिये। हम इस पर विचार करेंगे और यदि आवश्यक समझा गया तो इस आशय का एक संशोधन पेश किया जायेगा अथवा प्रस्तावित संशोधन को स्वीकार कर लिया जायेगा।

श्री मिश्र ने कहा है कि अपील करने का अधिकार नहीं दिया गया है। यह सही नहीं है। इस अनुच्छेद के अन्तर्गत प्रतिबन्ध केवल चुनौती देने पर है। चुनौती केवल राज्य के कानून की संवैधानिक वैधता तक ही सीमित है। इसके अतिरिक्त अनुच्छेद 133, 134 और विशेषकर अनुच्छेद 136 के अन्तर्गत उच्चतम न्यायालय में अभी भी अपील की जा सकती है। हम यह अधिकार नहीं छीन रहे हैं अतः यह कहना कि अपील का अधिकार नहीं रहा, ठीक नहीं है। केवल अनुच्छेद 32 के अन्तर्गत अपील नहीं की जा सकती।

संवैधानिक पीठ के सम्बन्ध में भी उल्लेख किया गया है। यह कोई संवैधानिक संशोधन का मामला नहीं है। यदि यह वास्तव में आवश्यक है तो यह स्वतंत्र विचार का मामला है। इस बारे में संवैधानिक संशोधन करने की आवश्यकता नहीं है।

खंड 7

Clause 7

Mr Chairman: Mr. Shankar Dayal Singh your amendment No. 504 is similar to amendment No. 232 moved by Shri Daga. So you cannot move your amendment. You can speak on it with Mr. Daga.

श्री मूल चन्द डागा : मैं संशोधन संख्या 232 तथा 233 पेश करना चाहता हूं ।

श्री शिब्बन लाल सक्सेना : : मैं संशोधन संख्या 264 तथा 265 पेश करता हूं ।

श्री ओ० वी० अलगेशन : मैं संशोधन संख्या 318 पेश करता हूं ।

श्रीमती पार्वतीकृष्णन : मैं संशोधन संख्या 453 पेश करती हूं ।

Shri M. C. Daga: It is everywhere stated that every citizen has right to become the President or the Prime Minister, but no equal opportunities are available to them. We have mentioned the word "Socialist" in our Constitution and therefore it is our duty to provide equal opportunities and facilities to all children. Today we see that the children of rich people are studying in Public Schools, but the poor people are unable to get their children admitted in such schools. Therefore it is very essential to remove disparity. The Minister should see into it.

प्रो० शिब्बन लाल सक्सेना : समाजवादी देशों में बच्चों की खूब देखभाल की जाती है । 7 वर्ष तक के बच्चों को वहां राष्ट्रीय सम्पत्ति की तरह समझा जाता है । यदि यह उपबन्ध किया जा रहा है तो फिर बच्चों की उसी तरह देखभाल की जानी चाहिये जैसे कि समाजवादी देशों में होती है ।

श्री ओ० वी० अलगेशन : इस संशोधन का आशय यह है कि जनसंख्या तथा परिवार नियोजन निदेशक सिद्धान्तों का ही एक भाग होना चाहिये । परिवार नियोजन अत्यधिक आवश्यक है । विपक्ष इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न कर रहा है ।

श्रीमती पार्वती कृष्णन (कोयम्बटूर): मंत्री महोदय ने कहा है कि राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्तों में काम करने के अधिकार का उल्लेख है । अनुच्छेद 39 में कहा गया है "समान रूप से नर और नारी, सभी नागरिकों को जीविका के पर्याप्त साधन प्राप्त करने का अधिकार हो ।" "जीविका के पर्याप्त साधन" का अर्थ कुछ भी हो सकता है । मंत्री महोदय का कहना है कि इसका उल्लेख पहले से ही नीति निदेशक सिद्धान्तों में है । यदि ऐसा नहीं है तो उसमें इसे निगमित किया जाये । "उद्योग" शब्द की पुनः व्याख्या की जाये । राज्य स्वामित्व सरकारी क्षेत्र का विस्तार किया जाना चाहिये । कहा गया है कि इस विधेयक का मुख्य उद्धेश्य देश में गरीबी को दूर करने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करना है । संविधान में यह संशोधन लाने का उद्धेश्य ऐसी स्थिति का निर्माण करना है जिसमें हम प्रगति के मार्ग पर तेजी से आगें बढ़ सकें ।

अतः राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्तों में समान रूप से संशोधन किया जाना बहुत ही महत्वपूर्ण है ताकि इस विचार को अधिक स्पष्ट किया जा सके । इसीलिये हमने यह प्रस्ताव किया है कि राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्तों में उन उद्योगों के राष्ट्रीयकरण के बारे में जोकि देश की औद्योगिक प्रगति के लिये अत्यन्त महत्वपूर्ण है, पूरे निदेश दिये जायें । हमने हमेशा इन उद्धेश्यों जैसे चीनी, कपड़ा इत्यादी, जो कि लोगों के जीवनयापन के लिये आवश्यक हैं कि राष्ट्रीयकरण की आवश्यकता पर बल दिया है । मुख्य खंड के उपखंड (ख) में संशोधन कराने का यही उद्धेश्य है ।

नीति निदेशक सिद्धान्तों में भूमी सुधारों के बारे में नहीं बताया गया है । भुमी सुधारों को क्रियान्वित करने के लिये हमें कुछ और बातों जेसे किसानों के स्वतः खेती करने वाले स्वैछिक

सहकारी संगठनों को प्रोत्साहन देना होगा । इ.: .ःतिविधि को बढ़ावा देने के लिये सहकारी संगठनों की स्थापना आवश्यक है । इस आन्दोलन को बढ़ावा दिया जाना चाहिये ताकि यह हमारे संविधान का एक अंग बने ।

मंत्री महोदय का विचार है कि राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्तों में काम करने के अधिकार का उल्लेख है पर वस्तुतः उनमें इसका उल्लेख नहीं है । अनुच्छेद 39 में जीविका के पर्याप्त साधनों के साथ साथ काम करने के अधिकार को भी जोंड़ा जाय । सभी विकृतियों से बचाने के लिये काम करने के अधिकार को अनुच्छद 39 का आवश्यक अंग बनाया जाये । हमें यह सुनिश्चित करना चाहिये कि वितरण प्रणाली अथवा आवश्यक, राज्य के क्षेत्राधिकार में तथा उसके नियंत्रण के अन्तर्गत होने चाहियें ।

Shri Shankar Dayal Singh: The word "equal" is symbol of democracy and But it is not possible because the children of rich people are studying in public or But it is not possible because the children of rich people are staying in public or convent schools whereas the children of poor people are studying in ordinary schools. So I strongly say that the English language is creating hurdles in giving equal opportunities to all the children. In our country English has become the only yard-stick for judging the ability of a man. A man who speaks fluent English suffers from superiority complex. So my aim in moving this amendment is to get dignified place for all Indian languages.

We have repeatedly emphasised the fact that dignity of and loyalty to the Constitution must be maintained. One nominated member who has not faced the electorate like us discredited the Hindi language some days ago in this august House. Is it not an insult to the Constitution.

So my submission is this that the children should be given equal opportunities so that they may develop in healthy atmosphere in a dignified manner. Same standard of education should be introduced in all the schools. So the word 'equal' should find a place in the Amendment.

श्री सी० के० चद्रप्पन (तेल्लीचेरी) : इस संशोधन का एक मुख्य उदेश्य सामाजिक, आर्थिक क्रान्ति लाना है । यह बात दोहरायी गयी है कि समारा लक्ष्य समाजवाद है । यदि इस उद्धेश्यों को प्राप्त करना है तो राज्य के निदेशक सिद्धान्तों में उन उपायों की स्पष्ट रूप से व्याख्या करनी होगी जिनके आधार पर हम ऐसा कर सकत हैं । इस देश को समाजवाद की ओर अग्रसर करने के लिय हमें निर्धनता और अज्ञानता के लिय उत्तरदायी कारणों को दूर करना होगा ।

इस तथ्य को सरकार ने भी स्वीकार किया है कि देश में एकाधिकार गृह कृत्रिम अभाव पैदा करके और चोर बाजारी करके करोड़ों निर्धन व्यक्तियों की कठिनाईयों को बढ़ा रहे हैं ।

हमारे संशोधन में प्रत्येक व्यक्ति के लिये रोजगार सुनिश्चित करने की बात कही गई है । पर यह बात स्पष्ट शब्दों में कही जाये । हम केवल प्रयास ही नहीं करेगें बल्कि यह कहा जाये कि रोजगार प्रदान किया जायगा ।

हमने भूमि सुधारों के बारे में एक संशोधन रखा है जिसे निदेशक सिद्धान्तों में स्थान दिया जाये । 20-सूत्री कार्यक्रम के केन्द्र-भूमि भूमि सुधार हैं । अतः उन्हें भी निदेशक सिद्धान्तों में रखा जाये ।

हमारे निदेशक एसे हों जिनसे हम समाजवाद का लक्ष्य प्राप्त कर सकें ।

अध्यक्ष पिठासीन हुए

(MR. SPEAKER *in the Chair*)

श्री एच० आर० गोखले : जहां तक इस संशोधन का सम्बन्ध है, सिद्धान्त रूप में हमें इस पर कोई आपत्ति नहीं है । दो अनुच्छेदों को मिला कर एक करने का भी प्रयास किया गया है । अनुच्छेद 41 में इस बात की व्यवस्था है कि राज्य अपने आर्थिक सामर्थ्य और विकास की सीमाओं के भीतर, कार्य करने के अधिकार को प्राप्त करने के लिये प्रभावी उपबंध करेगा । संशोधन का केवल यही भाग इस उद्देश्य हेतु संगत है । अनुच्छेद 38 के बारे में भी यही स्थिति है । संशोधित प्रारूप में अधिकांश तथा इन्ही विचारो को स्थान दिया गया है । कुछ बातो को बढ़ा चढ़ा कर कहा गया है । पर ये सभी बाते इस विधेयक में आ गई है । अतः विद्यमान निदेशक सिद्धान्तों में केवल उस संशोधन को छोड़कर जिस पर हम विचार कर रहे हैं, कोई परिवर्तन की जरूरत नहीं ।

अध्यक्ष महोदय : अगले खंड पर विचार करने के लिये हमें देर तक बैठना होगा । हम अपनी समयसारिणी को अधिक अच्छी तरह निर्धारित कर लें ।

श्री इन्द्रजीत गुप्त : क्योंकि हम लोग सहमत हुए थे कि मतदान 5.30 बजे होगा । अत : बहुत से सदस्य उस समय आयेंगे ।हमें 8 या 9 बजे तक बैठना होगा । कल हम अधिक समय तक बैठ सकते हैं ।

अध्यक्ष महोदय : हम आज नहीं बल्कि कल से देर तक बैठेंगे ताकि कल 25 खण्ड निपटाय जा सकें ।

प्रो० एस० एल० सक्सेना ने संशोधन संख्या 43 प्रस्तुत किया ।

श्री हरी किशोर सिंह ने संशोधन संख्या 193 प्रस्तुत किया ।

श्री निम्बालकर ने संशोधन संख्या 253 प्रस्तुत किया ।

प्रो० एस० एल० सक्सेना ने संशोधन संख्या 266 प्रस्तुत किया ।

श्री मोहम्मद जमीलुर्रहमान ने संशोधन संख्या 294 प्रस्तुत किया ।

श्री धरणीधर दास ने संशोधन संख्या 341 प्रस्तुत किया ।

श्री इन्द्रजीत गुप्त ने संशोधन संख्या 454 प्रस्तुत किया ।

श्री विभूति मिश्र ने संशोधन संख्या 489 प्रस्तुत किया ।

श्री शंकर दयाल सिंह ने संशोधन संख्या 505 और 505 प्रस्तुत किया ।

डा० कैलाश ने संशोधन संख्या 555 प्रस्तुत किया ।

श्री राम हेडाऊ ने संशोधन संख्या 556 प्रस्तुत किया ।

प्रो० एस० एल० सक्सेना : मैंने दो संशोधन पेश किये हैं । इनका सम्बन्ध निःशुल्क कानूनी सहायता से है । मेरे संशोधन का उद्देश्य "ऐसी विधि प्रणाली की व्यवस्था करना जो कि कम खर्चीली हो तथा जिससे न्याय शीघ्र मिल सकें" । मंत्री जी को कुछ ऐसे उपाय खोजने चाहिये जिससे यह उद्देश्य पूरा हो सके ।

श्री निम्बालकर (कोल्हापुर) : आज हम जिस खंड पर चर्चा कर रहे हैं उसमें अतिरिक्त खंड जोड़ना मेरे संशोधन का उद्देश्य है। काम करने के अधिकार का न तो निदेशक सिद्धान्तों में और नहीं मूल अधिकारों में स्थान दिया गया है। आप मेरे संशोधन को पढ़ कर देखेंगे कि उसके पहले उपखंड में निःशुल्क एवं समान शिक्षा लागू करने की बात कही गई है। निदेशक सिद्धान्तों में कार्य के अधिकार को शामिल न किये जाने से भी अनेक सदस्य खुश नहीं है। सरकार रात-भर में यह सब कुछ नही कर सकती। पर इन शब्दों से जनता को स्पष्ट हो जायेगा कि सरकार इस दिशा में आगे बढ़ रही है।

दूसरे उपखंड में मैंने समाजवाद' शब्द की व्याख्या व्यापक रूप में दी है जिससे अधिकांश सदस्य सहमत होंगे।

मूल अधिकार तो कागज पर होते हैं। हमी लोग इसे सार्थक करते हैं। श्री गोखले का कहना है कि हम देश का तेजी से विकास करना चाहते हैं। लेकिन विकास की दिशा क्या होगी ? इसी कारण हम संविधान में परिवर्तन कर रहे हैं।

सभापति महोदय : अब हम खंड-वार मतदान करेंगे।

सभापति महोदय द्वारा खण्ड 2 के लिए सभी संशोधन एक-साथ सभा में मतदान के लिए रखे गये और अस्वीकृत हुए।

The amendments were put & negatived.

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

'कि खंड 2 विधेयक का अंग बने।

लोक सभा में मत विभाजन हुआ

The Lok Sabha divided.

पक्ष में---353

Ayes—353

विपक्ष में---शून्य

Noes—Nil

अध्यक्ष महोदय : प्रस्ताव सभा की कुल सदस्यता के बहुमत से और उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिमाहाई से अन्यून बहु मत से पारित हुआ।

The motion is carried by a majority of the total membership of the House and by a majorityof not less than two-thirds of the Members present & voting.

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted.

खण्ड 2 विधेयक में जोड़ा गया।

Clause 2 was added to the Bill.

खण्ड 3

अध्यक्ष महोदय : खंड 3 के लिए कोई संशोधन नहीं।

प्रश्न यह है :

"कि खंड 3 विधेयक का अंग बने ।"

लोक सभा में मत विभाजन हुआ

The Lok Sabha divided:

पक्ष में

Ayes .. 354.

विपक्ष में

Noes .. Nil.

अध्यक्ष महोदय : प्रस्ताव सभा की कुल सदस्यता के बहुमत से और उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई से अन्यून बहुमत से पारित हुआ ।

The motion is carried by a majority of the total membership of the House and by a majority of not less than two thirds of the Members present & voting.

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खण्ड 3 विधेयक में जोड़ा गया

Clause 3 was added to the Bill.

खण्ड 4

अध्यक्ष महोदय : खंड 4 के लिए दो संशोधन हैं ।

अध्यक्ष महोदय द्वारा संशोधन संख्या 206 और 304 मतदान के लिए रखे गये और अस्वीकृत हुए ।

The Amendments were put & negatived.

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खंड 4 विधेयक का अंग बने"

लोक सभा में मत विभाजन हुआ ।

The Lok Sabha divided.

पक्ष में

Ayes .. 354.

विपक्ष में

Noes .. 5.

प्रस्ताव सभा की कुल सदस्यता के बहुमत से और उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई से अन्यून बहुमत द्वारा पारित हुआ ।

The motion is carried by a majority of the total membership of the House and by a majority of not less than two thirds of the Members present & voting.

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खण्ड 4 विधेयक में जोड़ा गया

Clause 4 was added to the Bill.

खण्ड 5

अध्यक्ष महोदय द्वारा सरकारी संशोधन संख्या 549 सभा में मतदान के लिए रखा गया ।

अध्यक्ष महोदय: प्रश्न यह है :

"पृष्ठ 2, पंक्ति 24, --

'(44वां संशोधन) **के स्थान पर**

'(45वां संशोधन)' **प्रतिस्थापित** किया जाये ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted.

अध्यक्ष महोदय द्वारा संशोधन संख्या 451 सभा में मतदान के लिए रखा गया और अस्वीकृत हुआ ।

The Amendment was put & neagtived.

अध्यक्ष महोदय द्वारा खण्ड 5 के लिए सभी संशोधन सभा में मतदान के लिए रखे गये और अस्वीकृत हुए

The Amendments were put & negatived.

मध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खंड 5 संशोधित रूप में विधेयक का अंग बने ।"

लोक सभा में मत विभाजन हुआ

The Lok Sabha divided.

पक्ष में		
Ayes	..	324.
विपक्ष में		
Noes	..	30.

प्रस्ताव सभा की कुल सदस्यता के बहुमत से और उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई से अन्यून बहुमत द्वारा पारित हुआ ।

The motion is carried by a majority of the total membership of the House and by a majority of not less than two thirds of the Members present & voting.

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted.

खण्ड 5, संशोधित रूप में. विधेयक में जोड़ा गया ।

Clause 5, as amended, was added to the Bill.

खण्ड 6

अध्यक्ष महोदय द्वारा संशोधन सभा में मतदान के लिए रखे गये और अस्वीकृत हुए

The Amendments were put & negatived.

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खंड 6 विधेयक का अंग बने ।"

लोक सभा में मत-विभाजन हुआ

The Lok Sabha divided.

पक्ष में
Ayes .. **351.**

विपक्ष में
Noes .. **2.**

प्रस्ताव सभा की कुल सदस्यता के बहुमत से और उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्या के दो-तिहाई से अन्यून बहुमत से पारित हुआ ।

The motion is carried by a majority of the total membership of the House and by a majority of not less than two thirds of the Members present & voting.

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted.

खण्ड 6 विधेयक में जोड़ा गया

Clause 6 was added to the Bill.

खण्ड 7

अध्यक्ष महोदय द्वारा संशोधन संख्या 453 सभा में मतदान के लिए रखा गया और अस्वीकृत हुआ :

The amendment was put & negatived.

अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी संशोधन मतदान के लिए रखे गये और अस्वीकृत हु ।

The amendments were put & negatived.

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खंड 7 विधेयक का अंग बने ।"

लोक सभा में मत-विभाजन हुआ ।

The Lok Sabha divided.

पक्ष में

Ayes .. 358.

विपक्ष में

Noes .. Nil.

प्रस्ताव सभा की कुल सदस्यता के बहुमत से और उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई से अन्यून बहुमत द्वारा पारित हुआ ।

The motion is carried by a majority of the total membership of the House and by a majority of not less than two thirds of the Members present & voting.

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted.

खण्ड 7 विधेयक में जोड़ा गया ।

Clause 7 was added to the Bill.

तत्पश्चात लोक सभा शुक्रवार, 29 अक्तूबर, 1976/7 कार्तिक, 1898 (शक) के 11 बजे तक के लिए स्थगित हुई ।

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, October 29, 1976|Kartika 7, 1898 (Saka).

म० प्र० भा० स० मु०—लो० स० III— 2140 एल० एस०—25-11-76—200